प्रेस नोट

दिनांक 10.09.2025

अज्ञात व्यक्ति की पहचान कर परिजनों के सुपुर्द किए जाने सम्बन्धी।

दिनांक 09.09.2025 को थाना ललपुरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सहुरापुर में एक अज्ञात व्यक्ति के संबंध में ग्रामवासियों द्वारा सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना ललपुरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त अज्ञात व्यक्ति को थाना लाया गया। थाना स्तर पर की गई पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम रामसेवक पुत्र देवीदीन गुप्ता, निवासी ग्राम मोना, थाना सुरसा, जनपद हरदोई बताया। तत्पश्चात 'सी-प्लान एप' के माध्यम से ग्राम मोना, थाना सुरसा के पूर्व प्रधान राकेश यादव से संपर्क स्थापित कर जानकारी साझा की गई। ज्ञात हुआ कि रामसेवक उपरोक्त व्यक्ति लगभग 10 वर्ष पूर्व घर से बिना बताये कहीं चले गए थे और तब से लापता थे। इसके उपरांत रामसेवक के भाई रामप्रकाश से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर उनकी फोटो भेजी गई उनके भाई द्वारा पुष्टि की गई कि यह व्यक्ति रामसेवक ही हैं। आज दिनांक 10.09.2025 को रामसेवक को उनके चचेरे भाई रामपाल पुत्र भवानी, निवासी ग्राम मोना, थाना सुरसा, जनपद हरदोई एवं उनके साथ आये ग्राम के सम्भ्रान्त व्यक्तियों पंकज पुत्र रामसस, संदीप पुत्र सन्तराम व ललित पुत्र रामआसरे सभी निवासी ग्राम मोना, थाना सुरसा, जनपद हरदोई के सुपुर्द किया गया। थाना ललपुरा पुलिस की तत्परता एवं सतर्कता से वर्षों से लापता व्यक्ति को सुरक्षित परिजनों तक पहुँचाया गया, जिससे परिजनों एवं ने प्रसन्नता व्यक्त किया गया।

बरामदगी में सक्रिय टीम:

उ0नि0 संगमलाल प्रजापति

हे0का0 गौतम कुमार

का0 पवन सिंह